उपासना | बकौरी की पहाड़ी पर विराजी हैं माता नक्खी माई, 27 मार्च को निकलेगा जवारा विसर्जन जुलूस

# 729 जवारा ज्योति कलशों से जगमगाया मंदिर





**निवास, नवभारत।** जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर ग्राम बकौरी में इन दिनों चैत्र नवरात्रि की धूम है। 17वीं शताब्दी से पहाड़ी पर विराजमान नक्खी माता के दरबार को इस वर्ष 729 ज्योति कलशों और खप्परों से भव्य रूप से सजाया गया है। पाषाण प्रतिमा के रूप में विराजी माता के दर्शन के लिए न केवल जिले, बल्कि अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है।

जानकारी अनुसार इस वर्ष श्रद्धालुओं की आस्था में भारी बढ़ोतरी देखी गई है। माता के दरबार में 729 ज्योति कलश प्रज्वलित हैं, जिनमें घी के 51, तेल के 556 कलश सहित 92 टोकनी और 30 खप्पर शामिल हैं।

### शनि नौ ग्रह मंदिर भी बना आकर्षण का केंद्र

फरवरी 2022 में यहाँ शनि शिंगणापुर से लाई गई शिला को प्राण-प्रतिष्ठित किया गया है। मंदिर परिसर में स्थापित नौ ग्रह की मूर्तियाँ और निरंतर प्रज्वलित अखंड ज्योति श्रद्धालुओं को मानसिक शांति और आध्यात्मिक सुकून प्रदान करती हैं।

### साल भर होते हैं धार्मिक आयोजन

वैसे तो पूरे वर्ष माता की पूजा अर्चना में पूरे ग्राम के लोग एकत्र होते है लेकिन चैत्र व शारदेय नवरात्र में जवारे कलश के साथ माता की विशेष पूजा अर्चना व माता का श्रृंगार किया जाता है। साल भर यहां भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर माता के दरबार में धार्मिक आयोजन और भंडारा कराते है। इसके साथ ही मंदिर की व्यवस्था इतनी सुगम है कि पहाड़ी पर होने के बावजूद श्रद्धालु अपने वाहनों से सीधे मंदिर प्रांगण तक पहुँच सकते हैं।

### 27 मार्च को होगा विसर्जन

बताया गया कि 27 मार्च को नवमी पर भव्य जवारा विसर्जन चल समारोह निकाला जाएगा। नक्खी माता का जवारा विसर्जन क्षेत्र में अपनी दिव्यता और मनमोहक दृश्य के लिए विख्यात है, जिसमें शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु बकौरी पहुँचते हैं।

# उच्च न्यायालय के आदेशानुसार बकाया भुगतान की मांग

▸ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा 8 सूत्रीय मांग पत्र



**बम्हनी।** जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित समस्याओं और विभागीय विसंगतियों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन कार्यों के लिए संसाधनों की कमी, मानदेय में वृद्धि और माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशों के क्रियान्वयन की मांग प्रमुखता से उठाई है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्तमान में उन्हें विभाग से मिले 3 जी मोबाइल अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि कार्यकर्ताओं को 5 जी मोबाइल उपलब्ध कराए जाएं या राशि सीधे खाते में डाली जाए। ऑनलाइन कार्य के लिए प्रतिदिन 2 जीबी डेटा की राशि कार्यकर्ताओं के खाते में प्रदान की जाए, क्योंकि अभी वे स्वयं के खर्च पर मोबाइल रिचार्ज कर रही हैं। नेटवर्क समस्या को देखते हुए बीएसएनएल की जगह बेहतर नेटवर्क वाली सिम प्रदान की जाए। ऑफलाइन रिकॉर्ड मेंटेन करने के लिए आवश्यक रजिस्टर और स्टेशनरी की राशि उपलब्ध कराई जाए।

**अतिरिक्त कार्यों के लिए दी जाए प्रोत्साहन राशि**-ज्ञापन में स्पष्ट कहां गया है कि चुनाव ड्यूटी और जनगणना जैसे कार्यों के दौरान कार्यकर्ताओं को आंगनवाड़ी कार्यों से मुक्त रखा जाए। इसके साथ ही अन्य विभागों की तरह इन कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं को भी प्रोत्साहन राशि दी जाए। कार्यकर्ताओं ने हाल ही में संपन्न हुए एसआईआर सर्वे में अपनी अहम भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन राशि न मिलने पर खेद जताया है। कार्यकर्ताओं ने माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा रिट याचिका में दिए गए फैसले का हवाला देते हुए मांग की है कि जून 2019 से पहले के मानदेय का हिस्सा बहाल किया जाए। बकाया राशि का भुगतान 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ 120 दिनों के भीतर किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मणिबेन मगन भाई भारिया केस में दिए गए निर्णय के प्रकाश में मानदेय में उचित वृद्धि की जाए। संगठन ने मांग की है कि प्रशासन इन मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर जल्द नया आदेश जारी करे, जिससे कार्यकर्ताओं को हो रही मानसिक और आर्थिक परेशानी से राहत मिल सके।



# खसखस की जगह मिला रहे थे राजगिरा और सूजी

▸ गरम मसाले में मिलावट की आशंका, 80 किलो माल जब्त

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में मिलावटखोरी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को काइम ब्रांच की सूचना पर मुकादमगंज स्थित शारदा गृह उद्योग का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि जांच के दौरान पैक किए जा रहे खड़े गरम मसाले में खसखस की जगह अन्य दानों, संभवतः राजगिरा और सूजी, की मिलावट पाई गई। इसके अलावा मसाले में संदिग्ध तेजपत्ता, चकफूल और दालचीनी के उपयोग की भी आशंका जताई गई है। मौके से गरम मसाले के नमूने एकत्र कर लिए गए और लगभग 80 किलोग्राम सामग्री जब्त की गई।

**नमूने जांच के लिए भेजे भोपाल**-अधिकारियों के अनुसार सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ काइम ब्रांच के पुलिस उप-निरीक्षक संतोष पाण्डेय और हेड कांस्टेबल आनंद तिवारी भी मौजूद रहे।

# भुआ बिछिया में सिंधी समाज ने मनाया भगवान झूलेलाल का 1058वां प्रकाश उत्सव

▸ दीप प्रज्वलन और आरती के साथ गूंजे जयकारे, प्रसादी का किया गया वितरण



**भुआ बिछिया।** सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल की जयंती नगर में अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस वर्ष भगवान झूलेलाल जी का 1058वां प्रकाश उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें समाज के हर आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल जी के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण जय झूलेलाल के जयकारों से गुंजायमान रहा। पूजा-अर्चना के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच विधि-विधान से प्रसाद वितरण किया गया।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में प्रीतम सिंह राजपाल, यशवंत बजाज, अशोक नानकानी, बंटी बजाज, बंटी रावलानी, प्रिंस बजाज और हर्ष बजाज का विशेष सहयोग एवं सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में समाज की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सभी ने एक-दूसरे को जन्मोत्सव की बधाई दी।

### अंजनिया में शोभायात्रा ने मोहा श्रद्धालुओं का मन, कलेक्टर व एसपी ने पहुंचकर गुरुद्वारा साहिब में टेका माथा

**अंजनिया।** सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल सांई का जन्म दिवस चेटीचन्ड्र महोत्सव के रूप में सिंधी समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधु नवयुवक मंडल एवं मातृशक्ति सदस्यों के द्वारा विविध आयोजन किए गए। आयोजन की श्रृंखला में एक सप्ताह पहले गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ आरंभ किया गया जो कि नियमित रूप से पाठन किया गया। पंडित रानूनाथ शर्मा की मौजूदगी में भगवान श्री झूलेलाल सांई का जल अभिषेक किया गया। इसके साथ ही झूलेलाल सांई जी का श्रृंगार किया गया। श्री गुरुद्वारा साहिब में भजन कीर्तन, आरती, पूजा के साथ सभी परिवारों की सुख शांति के लिए अरदास की गई। सामाजिक जनों के द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब पर चोला चढ़ाया गया। इसके बाद आम लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शामिल जनों ने प्रसादी ग्रहण की। सुबह सामाजिक जनों के द्वारा विशेष ड्रेस कोड के साथ वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली के जगह जगह स्वागत में स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया। सायंकाल में श्री बहिराणा साहब का पूजन अर्चन पश्चात शोभायात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया। इस मौके पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं एसडीएम सोनल सिडाम मेडम शामिल हुए। इन्होंने भगवान झूलेलाल एवं श्री गुरुग्रंथ साहिब पर चोला चढ़ाया, माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत मंडला द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम को शॉल पहनाकर सम्मान किया गया।

**यहां भी हुए आयोजन-**
अंबेडकर वार्ड स्थित श्री भगवानी बाई केवलराम झूलेलाल मंदिर में भगवान श्री झूलेलाल की पूजा अर्चना के साथ विविध स्वादिष्ट व्यंजनों की चौपाटी में बड़ी संख्या में सामाजिक जन शामिल हुए। शाम को बहिराणा साहब की पूजा अर्चना के बाद पालकी शोभायात्रा निकाली गई।




# बबलिया में होगा 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

▸ मंडला सांसद और पीएचई मंत्री संपतिया उइके होंगी शामिल



**नारायणगंज।** ग्राम देवरीकला बबलिया के पूर्व उपसरपंच एवं भाजपा जिला सदस्य बाबूलाल यादव अपना 65वां जन्मदिवस एक अनोखे और आध्यात्मिक अंदाज में मनाने जा रहे हैं। अपने जीवन के इस पड़ाव को यादगार बनाने के लिए उन्होंने 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन का संकल्प लिया है। बाबूलाल यादव का कहना है कि उन्होंने आज तक अपना जन्मदिन नहीं मनाया है, इसलिए इस बार वे अपने सभी सहपाठियों, मित्रों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर इसे पूरे उत्साह और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ मनाना चाहते हैं।

बताया गया कि 24 मार्च मंगलवार दोपहर 3 बजे शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 25 मार्च बुधवार सुबह 7.30 बजे से गायत्री महायज्ञ और विभिन्न वैदिक संस्कार होंगे। शाम 6 बजे भव्य दीप महायज्ञ के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### नेता, जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

यज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं मप्र शासन की पीएचई मंत्री संपतिया उइके शामिल होंगी। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते और जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया समेत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गायत्री परिवार ने क्षेत्र की जनता से इस पावन उत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है।

# जिला न्यायालय के बमबाजी कांड में पांच गिरफ्तार

**जबलपुर।** जिला न्यायालय में सुतली बम फोड़कर न्यायालयीन कार्य में बाधा डालने वाले आरोपियों को ओमती पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही एक बदमाश पर रासुका की भी कार्रवाई कर दी गई है। विदित हो कि 16 मार्च को उमेश कुमार सौंधिया 42 वर्ष द्वारा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जबलपुर मध्य प्रदेश कार्यालय का एक लिखित प्रतिवेदन ओमती थाने में प्रस्तुत किया गया था। जिसमें बताया गया था कि न्यायालयीन कार्य के दौरान दोपहर 3-45 बजे से 4 बजे के बीच जिला न्यायालय परिसर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तेज ध्वनि का फटाका फोडकर न्यायालय में बाधा डाली गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना तंत्र के आधार पर आरोपी अनूप श्रीपाल पिता रघुनाथ 18 वर्ष निवासी शिव शक्ति नगर चुंगी नाका माढोताल, अनुज राजपूत पिता सुरेश 20 वर्ष निवासी मदर टेरेसा, तनमय पिता अमित राजपूत 19 वर्ष निवासी शंकर नगर, परोक्ष उर्फदक्ष पिता राकेश राजपूत 18 वर्ष निवासी विजय नगर को अभिरक्षा में लिया गया। जिन्होंने पूछताछ करने पर अपने साथी कृष्णा ठाकुर के साथ अन्य आरोपी पंकज राजपूत एवं मनीष अहिरवार के साथ मिलकर जिला न्यायालय में तेज आवाज का फटाखा फोड़कर न्यायालयीन कार्य में बाधा उत्पन्न करना स्वीकार किये प्रकरण में चारों आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी की गई 4 आरोपियो को न्यायालय में पेश कर केंद्रीय जेल दाखिल किया गया।



मुम्बई मेल में पैर रखने की जगह नहीं



गाड़ी में चढ़ने का प्रयास करते यात्री

# 6 साल से शादी का झांसा देकर लूटता रहा आबरू

**जबलपुर।** रायसेन के धोखेबाज प्रेमी के खिलाफ बेलबाग पुलिस ने गुरूवार को दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। बुधवार को पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बेलबाग थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला निवासी युवती (26) को रायसेन निवासी सौरभ जाटव 25 वर्षीय ने प्रेम जाल में फंसा लिया था। आरोपित पीड़िता का रिश्तेदार है। जिसके चलते वे पीड़िता के घर आता था । सौरभ शादी का झांसा देकर करीब 6 साल से उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इस बीच युवती को पता चला कि युवक दूसरी युवती से शादी करने की तैयारी कर रहा है। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया और शादी के लिए दबाव बनाया, तो वह अपने वादे से मुकर गया और उसे छोड़ दूर बना ली थी । पीड़िता इंसाफ के लिए दर-दर भटक रही थी। करीब 7 दिन पहले वह अपनी शिकायत लेकर बेलबाग थाने भी पहुंची थी और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया था। पीड़िता का आरोप रहा कि पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे परेशान होकर बुधवार को वे उसने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया था और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई थी जहां उसने स्वयं पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की थी। गनीमत रही कि वहां मौजूद पुलिस स्टॉफ ने उसे पकड़ लिया इसके बाद सुरक्षित हिरासत में लेकर बेलबाग थाने भेजा गया था। वहीं बेलबाग थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर का कहना है कि पीड़िता ने आपबीती पुलिस को सुनाई थी पुलिस ने कार्रवाई करने के लिए बोला था लेकिन युवती मामले में एफआईआर नहीं चाहती थी। सिर्फ युवक से शादी करना चाहती थी। पीड़िता की काउंसलिंग कराई गई। पीड़ित गुरूवार को थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराने तैयार हुई। जिसके बाद पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

# उड़नदस्ता आरटीओ की तत्परता से बची घायल चालक की जान

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर के नेशनल हाईवे नागपुर रोड स्थित तिंसी फाटक ओवरब्रिज के पास एक चालक के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट किए जाने की सूचना मिलते ही सम्भागीय परिवहन उड़नदस्ता आरटीओ टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। परिवहन आरक्षक इम्तियाज हुसैन ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस और 112 सेवा को बुलाया, जिसके माध्यम से घायल चालक को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उसकी जान बच सकी।

घटना की सूचना संबंधित थाना को देकर वाहन को बरगी थाने में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर प्रभारी राजेंद्र साहू, परिवहन उप निरीक्षक अक्षय पटेल, आरक्षक इम्तियाज हुसैन, घनश्याम रजक सहित पूरी टीम मौजूद रही।

परेशानी | मुंबई मेल सहित अन्य ट्रेनों में वेटिंग सौ के पार

# त्यौहारों के चलते ट्रेनें हुई फुल, यात्री परेशान



ये हैं जनरल डिब्बे का हाल



अवैध वैंडरों द्वारा बेजी जा रही खाद्य सामग्री

**जबलपुर, नवभारत।** चैत्र नवरात्र, चेटीचंड और मीठी ईद जैसे बड़े त्योहारों के कारण ट्रेनों में भारी भीड़ बढ़ गई है, जिससे स्लीपर और जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। इसे देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चलाने का भी फैसला किया है।

जबलपुर से होकर गुजरने वाली पैसेंजर सहित लंबी दूरी की गाड़ियों में बुधवार से ही भीड़ बढ़ थी। वही यात्री कन्फर्म टिकट न मिलने से परेशान हैं और अतिरिक्त कोचों की मांग कर रहे हैं।

### सौ के ऊपर वेटिंग

ईद और नवरात्रि पर्व को लेकर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ चरम पर है। गुरुवार को मुंबई मेल, संघमित्रा, पवन और जनता एक्सप्रेस में हालात यह थे कि इनमें पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी। बता दे कि दिल्ली, यूपी, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जाने वाली ज्यादातर ट्रेनों में नो सीट की स्थिति बन गई है, जहां मुंबई मेल में 20 से 24 तारीख तक 120 के ऊपर वेटिंग बनी हुई है वही संघमित्रा और पवन एक्सप्रेस में भी बर्थ उपलब्ध नहीं है। वही एसी कोचों में लंबी वेटिंग चल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी अपने काम से आए और अगले दिन वापसी करने वाले यात्रियों को हो रही है। रिटर्न टिकट नहीं मिलने से लोग तत्काल और प्रीमियम कोटे का सहारा लेने को मजबूर हैं।

### अवैध वेंडर्स मस्त

त्योहारों के कारण ट्रेनों में बढ़ी भीड़ का फायदा जबलपुर सहित आसपास के छोटे स्टेशनों पर अवैध वेंडरो द्वारा खूब उठाया जा रहा हैं। अवैध वेंडरो द्वारा मन माने रेट पर खाद्य सामग्री जनरल और स्लीपर क्लास के यात्रियों को बेधड़क बेची जा रही है।